सार-समाचार

'महिलाएं दूसरों के लिए प्रेरणा बनें'

अजमेर, (कासं)।'हमारे समाज और संस्थानों में नेतृत्व वाले क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की अत्यंत आवश्यकता है। महिलाओं को यह समझना होगा कि सबसे पहली चुनौती उनके भीतर ही है। स्वयं आगे बढ़ें, स्वयं को बदलें, और दूसरों के लिए प्रेरणा बनें।' यह बात राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा 'विमेन इन डिसीजन-मेकिंग एंड लीडरशिप: शैटरिंग स्टीरियोटाइप्स एंड क्रिएटिंग फ्यूचर्स' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि डीआरडीओ की महानिदेशक (पीसी एवं एसआई) डॉ. चंद्रिका कौशिक ने सभा को संबोधित करते हुए कही।यह दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव के नेतृत्व में व भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के सहयोग से किया जा रहा है। डॉ. चंद्रिका कौशिक ने आगे कहा कि नेतृत्व का अर्थ केवल लक्ष्य तय करना नहीं है, बल्कि उन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाना, प्रेरित करना और मार्गदर्शन करना है। उन्होंने महिलाओं के नेतृत्व को मजबूत बनाने के लिए भावनात्मक बुद्धिमत्ता, समस्या समाधान क्षमता, रचनात्मकता और साहस को अनिवार्य बताया। साथ ही कौशिक ने बताया कि समाज में समानता स्थापित करने, नीतियों को बेहतर बनाने और संगठनात्मक प्रदर्शन को मजबूत करने के लिए महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत की महिलाओं ने भारतीय संविधान का मसौदा तैयार करने में मदद की हैं। हमें संविधान के 75 वर्षों पर उनके योगदान को याद करना चाहिए। भावनात्मक बुद्धिमत्ता, सहयोगात्मक दृष्टिकोण, प्रभावी संवाद कौशल, मजबूत सहनशक्ति, बहु-कार्य क्षमता और विभिन्न दृष्टिकोणों की विविधता जैसे विषय महिलाओं को सशक्त और नेतृत्वकर्ता बनाता हैं।

सत्यनारायण मालाकार अध्यक्ष बने

परबतसर, (निसं) ।सत्यनारायण मालाकार सर्वसम्मति से माली समाज अध्यक्ष नियुक्त किया गया माली समाज परबतसर ने अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए समाज कि बैठक आयोजित कर सर्व समित से निर्णय लिया गया। माली समाज के निवर्तमान अध्यक्ष सेवाराम दगदी को चुनाव हेतू प्रभारी नियुक्त किया गया। माली समाज निवर्तमान महासचिव एडवोकेट दिनेश चंद्र ने अध्यक्ष सेवाराम दगदी के कार्यकाल की उपलब्धियों का प्रतिवेदन पढा। कोषाध्यक्ष सूरजमल टांक ने लेखाजोखा पेश किया । सेवाराम दगदी ने सभी समाज बंधुओ को उनके कार्यकाल को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उसके बाद माली समाज के द्वारा सत्यनारायण मालाकार को सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया। माली समाज के चौताला अध्यक्ष किशनगोपाल दगदी, गिंगोली सरपंच घीसालाल माली, नवयुवक मंडल अध्यक्ष अशोक मारोठिया, माली सेना जिलाध्यक्ष रमेश टांक, प्रेमप्रकाश मालाकार, लोकेश मालाकार, बिरदीचन्द तंवर, हनुमान मारोठिया, पवन दगदी, नेमीचंद सेठ, भंवरलाल तंवर, गोविंद भाटी, ओमप्रकाश दगदी, गणेश सोलंकी, मुकेश तूनवाल, हजारी दगदी, डालूराम संत, सुगनलाल डीलर, पुखराजगहलोत, महावीर कच्छावा, बालकिशन तुनवाल, हरदीन तुनवाल आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

स्टेडियम के ताले खुलवाने को लेकर प्रदर्शन

मेड़ता सिटी, (निसं)। युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र बापेडिया के नेतृत्व में मेड़ता राजकीय कॉलेज मे इनडोर स्टेडियम के ताले खुलवाने को लेकर मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया गया। बापेडिया ने बताया कि,कांग्रेस सरकार के दौरान इस स्टेडियम का उद्घाटन किया गया। इसका इतने समय से ताले लगा रखे हैं। इस स्टेडियम के ताले खुलवाने को लेकर कांठोस कार्यकताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इस मौके पर उद्घाटन, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाकिर खान सांखला, पीसीसी सदस्य लालाराम नायक,पार्षद अमजद केके,पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद अली गोरी,जीसान कुरैशी,सुरेंद्र उर्फ सुरी,सोनू साकिर इत्यादि है मौजूद, प्रिंसिपल के कमरे में आंगन में बैठकर दे रहे है धरना।

सीमेंट कंपनियों के खिलाफ प्रदर्शन

नागोर, (निसं)। जिला कलेक्ट्रेट पर मंगलवार को सीमेंट कंपनियों पर अनियमितताओं और वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए किसानों ने जमकर आक्रोश जाहिर किया। किसानों ने सीमेंट कंपनियों की नीतियों की खिलाफत करते हुए प्रदर्शन किया और इसके बाद 12 सूत्री मांग पत्र जिला कलेक्टर को सौंपा। किसानों ने कहा कि जल्द से जल्द इन सभी 12 मांगों का समाधान किया जाए, नहीं तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। किसानों के जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के दौरान स्टेशन रोड पुलिस छावनी के रूप में नजर आई। जिला कलेक्ट्रेट को ज्ञापन देने वालों में मूंडवा, ईनाणा, सरासनी, डेह, हरिमा और इंदास समेत कई गांवों के ग्रामीण शामिल थे। किसानों की ओर से दिए गए ज्ञापन में एक दर्जन मांगों को पूरा करने की मांग की गई है।

फ़नकारों ने गायकी से समां बांधा

अजमेर, (कासं)।इंडिया इंटरनेशनल म्यूजिक लवर्स सोसाइटी द्वारा पहली बार एक भव्य गजल संध्या तरन्नुम का आयोजन किया गया। वैशालीनगर स्थित रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम में फ़नकारों ने गायकी से चार चांद लगा दिए और संस्था को नई ऊंचाइयां प्रदान की। महासचिव कुंजबिहारी लाल ने साउंड और भव्य साज सज्जा की सम्पूर्ण व्यवस्था संभाली। उन्होंने जानकारी दी कि विभिन्न महकमों से डॉक्टरों , अधिकारी, शिक्षकों और नए पुराने सदस्यों ने तरन्नुम ग़ज़ल कार्यक्रम में साज सज्जा व परिधान का भी विशेष ख्याल रखा जिसका प्रभाव सम्पूर्ण कार्यक्रम में स्पष्ट दिखाई दिया। गाये जाने वाली गज़लों में जहां जगजीत सिंह को अपने अपने अंदाज़ में महासचिव कुंजबिहारी लाल ने होश वालों को खबर क्या, उपाध्यक्ष डॉ दीपा थदानी ने होठों से छू लो तुम, विजय हलदानिया ने मेरी देरो हरम में बसने वालों, शरद शर्मा तुमको देखा तो ये ख्याल आया, आजाद अपूर्वा ने बात निकलेगी तो दुर तलक जायेगी, डॉ एसएन भट्ट और नवल भाभड़ा ने प्यार का पहला खत लिखने में वक्त तो लगता है, डॉ महेश मेहता मीना खिलयानी ने तेरे आने की जब खबर महके, दिलीप लोंगानी ने तुम इतना जो मुस्करा रही हो, मोहन किशोर मिश्रा ये दौलत भी ले लो सुनाकर तालियां बटोरी।

कलेक्टर ने पोस्टर का विमोचन कर अभियान का किया शुभारंभ

ब्यावर, (कासं) ग्रामीण आबादी और खेतों के लिए जिला प्रशासन ब्यावर द्वारा नवाचार करते हुए 3 दिसंबर से जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में रास्ता खोलो अभियान के पोस्टर का विमोचन कर अभियान का शुभारंभ किया।

जिला कलेक्टर ने बताया कि जिला प्रशासन ने आमजन की रास्तों से अतिक्रमण हटाने से संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण करने के लिए 3 दिसंबर से 24 दिसंबर तक यह अभियान चलाया जाएगा।उन्होंने कहा कि अभियान के तहत राजस्व से जुडे विभिन्न कार्यों का निष्पादन कर आमजन को राहत पहुंचाई जाएगी। अभियान के तहत प्रशासन ने 2500 से ज्यादा लोगों

■ **कलेक्टर ने कहा कि अभियान के तहत राजस्व से जुड़े विभिन्न कार्यों का निष्पादन कर आमजन को राहत पहुंचाई जाएगी**

जिला कलेक्टर ने पोस्टर का विमोचन कर अभियान का शुभारंभ किया।

के रास्ते खुलवाने का लक्ष्य लिया है।उन्होंने बताया कि यह एक विशेष कार्य है जिससे कि आम जनता को इसका सीधा लाभ प्राप्त होगा। राजस्थान भू राजस्व अधिनियम व काश्तकारी अधिनियम की विधिक प्रक्रिया द्वारा जिले में ठामीण आबादी व खेतों के लिए रास्तों से जुडी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया ने बताया कि अभियान के तहत गांवों के लिए प्लान तैयार किया गया है। आमजन की समस्याओं का निस्तारण कर रास्तो का राजस्व रिकॉर्ड में अंकन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि अभियान के तहत राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज रस्ते जो मौके पर बंद है उन्हें खुलवाने, कदीमी रास्तों का राजस्व रिकॉर्ड में अंकन,नरेगा द्वारा निर्मित रास्तों, कृषि भूमियों पर आवागमन हेतु सार्वजनिक रास्तों का राजस्व रिकॉर्ड में अंकन सहित अन्य संबंधित कार्य किए जाएंगे।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी गौरव बुढ़ानिया ने बताया कि जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में राजस्व टीम द्वारा स्वयं जनता तक पहुंच कर आमजन के रास्तों से संबंधित समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा । उन्होंने बताया कि जिले के समस्त 6 उपखंड क्षेत्र में तय लक्ष्यों के अनुरूप प्लान बनाकर समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा ।उन्होंने बताया कि राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131ए, काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251,251ए के तहत विधिक रूप से रास्ते खुलवाने के प्रकरण का निस्तारण होंगे ।इस दौरान जिला परिषद एसीईओ गोपाल मीणा, तहसीलदार हनुत रावत, पीआरओ रविन्द्र वैष्णव, गिरदावर मूलाराम भाटी, लोकेश मीणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के शिविर का आयोजन

अजमेर, (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा आमजन को प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रातः 11 से सायं 5 बजे तक अजमेर डिस्कॉम के उपखंडों अराई, रूपनगढ़, नसीराबाद, किशनगढ़ (ठामीण), पीसांगन, अराई तथा सराधना स्थित सहायक अभियंता कार्यालय में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान जनसम्पर्क अधिकारी सतीश सोनी ने पीसांगन तथा सराधना में सहायक अभियंता कार्यालय में चलाए जा रहे शिविर का जायजा लिया तथा वहां मौजूद उपभोक्ताओं को इस योजना के बारे में जागरूक किया। जनसम्पर्क अधिकारी सतीश सोनी ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा बिजली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए गैर पारम्परिक ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत की गई है। योजना के अन्तर्गत इच्छुक घरेलू उपभोक्ताओं के घरों की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये जा रहे है।

घरेलू उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने हेतु केन्द्र सरकार द्वारा सब्सिडी दिए जाने की घोषणा की गई है। इस योजना के अन्तर्गत 3 किलोवॉट तक के सोलर प्लांट पर अधिकतम 78 हजार रुपए प्रति कनेक्शन तक की सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा दी जाएगी जो कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के तहत सीधे ही केंद्र सरकार द्वारा उपभोक्ताओं के बैंक खातों में जमा की जाएगी।

आम सूचना

मेरी सास दाखों उर्फ दाखा देवी पत्नी स्व. मोती बलाई निवासी गांव बरना तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 10 अगस्त 1999 को निवास स्थान पर हो गई, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार किशनगढ़ के समक्ष आवेदक प्रस्तुत किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपति हो तो 7 दिवस में अपनी आपति तहसीलदार के यहां दर्ज कराये, बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं होगी। प्रार्थी-श्रवणी देवी पत्नी स्व. हनुमान

NAME CHANGE

I, Army No. JC 774003P, Rank : SUB, Name: JITENDRA SINGH SHEKHAWAT Residing At Plot No. 73 VINAYAK VIHAR OPP. BHARAT GAS GODOWN NIWARU ROAD JHOTWARA Dist. JAIPUR, State RAJ., Pin-302012 have change my Name from SHEKHAWAT JITENDRA SINGH KISHORE SINGH to JITENDRA SINGH SHEKHAWAT vide Affidavit No. BW 755915 Dated 02/12/2024 before Court campas Nasirabad

NAME CHANGE

I, SHEKHAWAT PREMKANVAR KISHORSINH, is Mother's of Army No. JC 774003P, Rank : SUB, Name: JITENDRA SINGH SHEKHAWAT Residing At Plot No. 73 VINAYAK VIHAR OPP. BHARAT GAS GODOWN NIWARU ROAD JHOTWARA Dist. JAIPUR, State RAJ., Pin- 302012 have change my Name from PREM KUNWER to SHEKHAWAT PREMKANVAR KISHORSINH vide Affidavit No. BW 943118 Dated 03/12/2024 before Court campas Nasirabad

डॉ. टेलर ने संभाला कार्यभार

डॉ. टेलर ने संभाला कार्यभार

अजमेर, (कासं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के कार्यवाहक कुलपति प्रो. कैलाश सोढाणी ने पदभार ग्रहण करने के बाद सोमवार को एक आदेश जारी कर लम्बे अर्से बाद शिक्षक की बजाय एक अधिकारी को परीक्षा नियंत्रक के पद की जिम्मेदारी सौंपी। विवि के उपकुलसचिव डॉ.सुनील कुमार टेलर

■ **एम.डी.एस. विवि के परीक्षा नियंत्रक का जिम्मा डॉ. टेलर को**

एमडीएस विवि के परीक्षा नियंत्रक का कार्यभार ग्रहण करने पर डॉ. टेलर का अभिनंदन करते हुए अधिकारी व कर्मचारी।

अब परीक्षा नियंत्रक के पद का कामकाज संभालेंगे। मंगलवार को डॉ. टेलर ने पदभार भी ठाहण कर लिया है।

एमडीएस विवि की कुलसचिव प्रिया भार्गव ने बताया कि कुलपति प्रो.कैलाश सोढाणी ने सोमवार देर शाम एक आदेश जार कर उपकुलसचिव डॉ.सुनील कुमार टेलर अब शैक्षणिक द्वितीय अनुभाग के कार्य के साथ-साथ अठिाम आदेश तक परीक्षा नियंत्रक के पद का कार्य भार भी संभालेंगे। मंगलवार को डॉ. सुनील कुमार टेलर ने अपना भी कार्य भी ठाहण कर लिया उन्हें तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष पारीक ने पदभार सौंपा। मैनेजमेंट विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आशीष परीक्षा नियंत्रक के पद का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे थे। एमडीएस विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक का पद सीधी भर्ती का पद है। डॉ.जगराम मीणा के सेवानिवृत्त होने के बाद से ही यह पद रिक्त था, तब से अब तक शिक्षकों को ही इस पद का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया। इससे पूर्व प्रो.सुब्रतो दत्ता, प्रो.शिवदयाल सिंह व प्रो.आशीष पारीक अपने शैक्षणिक कार्यों के साथ परीक्षा नियंत्रक के पद का अतिरिक्त कार्यभार संभाल चुके हैं। इसी प्रकार सहायक कुलसचिव डॉ.सूरजमल राव को आवंटित कार्य के अतिरिक्त शैक्षणिक प्रथम अनुभाग के कार्य की जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी यूनियन के अध्यक्ष उमशंकार शर्मा, पूर्व अध्यक्ष दिलीप शर्मा सहित परीक्षाविभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रदर्शन किया

भीलवाड़ा, (निसं)। सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को सफाई भर्ती में नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा की गई अनियमिताओं के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत करते हुए निगम के मुख्य द्वार पर तालेबंदी कर प्रदर्शन किया।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांठोस यूनियन के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने नगर निगम में तालेबंदी करते हुए आंदोलन की शुरुआत की। इस दौरान जिला अध्यक्ष रामदेव चन्नाल ने बताया कि राजस्थान सफाई कर्मचारी भर्ती 2024 में अनुभव प्रमाण पत्र ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड नहीं हो रहा है, जिस कारण समस्त अभ्यर्थियों को संशोधन करने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। यदि अनुभव प्रमाण पत्र ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड नहीं हुए होते हे तो अभ्यर्थियों भर्ती से वंचित हो जायेगे। भीलवाडा नगर निगम में अनुभव प्रमाण पत्र जानबूझकर प्रशासन की मिलीभगत से अंतिम दिन 27 नवंबर को रात्रि को जारी किए गए, जिसके कारण अब अंतिम दिनांक गुजरने से अभ्यर्थी अनुभव प्रमाण पत्र नहीं लगा पाए और अब संशोधन की तारीख में अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड नहीं हो रहा है, जो की एक योजनाबद्ध तरीके से अभ्यर्थियों को बाहर निकालने की साजिश है।

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण.स्वी./2024/4328 **आम सूचना** दिनांक : 28.11.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित चिकित्सा प्रयोजनार्थ निर्माण अनुज्ञा हेतु निम्न पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति / उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपति मान्य नहीं होगी।

निर्माण अनुज्ञा

फाइल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
122	रुचिता मिश्रा पत्नि ध्रुव भारद्वाज	पुष्प विहार बरल द्वितीय बिजयनगर ख. सं. 864, 865/ हिस्सा, 866/ हिस्सा भू.सं. 01	71.13 SQ.MTR	चिकित्सा सुविधा हेतु

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.

क्रमांक-नपकि/PWC/ BPAS-2186/2024/532 दिनांकः 03/12/2024

आम सूचना

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि श्री राम रतन चौधरी पुत्र श्री हरकरण जाट ग्राम मदनगंज, खसरा संख्या 29/1 एवं 30 भूखण्ड सं. ई-98 कुल क्षेत्रफल 166.66 वर्गगज 'खुशी मार्बल सिटी' मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राजस्थान पर आवासीय निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसकी सीमाऐ निम्न प्रकार से है -
पूर्व में - 30 फीट चौडा आमद रफत सरकारी रास्ता पश्चिम में - भूखण्ड संख्या ई-135 एवं ई-136
उत्तर में - भूखण्ड संख्या ई-97 दक्षिण में - भूखण्ड संख्या ई-99
अतः उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति/एतराज हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपत्ति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।
प्रभारी (भवन निर्माण स्वीकृति) नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.

क्रमांक-नपकि/PWC/ BPAS-2194/2024/534 दिनांकः 03/12/2024

आम सूचना

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि श्री राजू चौधरी पुत्र श्री बोदू राम चौधरी ग्राम मदनगंज, खसरा संख्या 26, 28, 35, 36 एवं 41 भूखण्ड सं. ए-33 कुल क्षेत्रफल 245.55 वर्गगज 'खुशी मार्बल सिटी' मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राजस्थान पर आवासीय निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसकी सीमाऐ निम्न प्रकार से है -
पूर्व में - भूखण्ड संख्या ए-52 पश्चिम में - 60.0 फीट चौडा आमद रफत सरकारी रास्ता
उत्तर में - भूखण्ड संख्या ए-34 दक्षिण में - भूखण्ड संख्या ए-32
अतः उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति/एतराज हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपत्ति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।
प्रभारी (भवन निर्माण स्वीकृति) नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय पंचायत समिति हुरडा जिला भीलवाड़ा

क्रमांक-पसहु/लेखा/2024/1344 दिनांक-25.09.2024

कार्यालय आदेश

स्थानीय कार्यालय के आदेश क्रमांक 943 दिनाक 25.09.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन हेतु निविदा जारी की गई थी। राज्य सरकार के निर्देशानुसार उक्त निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

मधुसूदन रतनू (RRDS)
विकास अधिकारी, पंचायत समिति हुरड़ा

मृत आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति

अजमेर, (कासं)। अजमेर डिस्कॉम ने 13 मृत कार्मिकों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति के मंगलवार को आदेश जारी किए हैं। डिस्कॉम ने 5 मृतक आश्रितों को वाणिज्यिक सहायक द्वितीय, 8 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया है। नियुक्त होने वाले कर्मचारियों में 8 महिलाएं व 5 पुरुष हैं। प्रबंध निदेशक केपी वर्मा ने बताया कि दो साल तक यह कर्मचारी परिवीक्षा पर रहेंगे।

माकड़वाली में 12.95 हैक्टेयर में बनेगा आईटी पार्क

अजमेर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के प्रयासों से अजमेर को दो बड़े तोहफे मिले हैं। राज्य सरकार ने राइजिंग राजस्थान समिट में निवेश प्रोत्साहन के लिए माकड़वाली गांव में आईटी पार्क भूमि आवंटन प्रस्ताव को मंजूदी दे दी है। यह पार्क 12.95 हैक्टेयर में बनेगा और इससे शहर में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसी तरह अजमेर उत्तर क्षेत्र की पेयजय समस्या के समाधान के लिए लोहागल गांव में सर्विस रिजर्वायर भूमि आवंटन को भी मंजूरी मिल गई है। यहां करोड़ों रूपए की लागत से 30 एमएलडी क्षमता का एस.आर. टैंक बनेगा। इससे पूर्व कोटड़ा में भी एस.आर. टैंक के लिए भूमि आवंटित हो चुकी है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर राज्य सरकार ने बजट में अजमेर के लिए आईटी पार्क और अजमर उत्तर क्षेत्र में पेयजल समस्या के निदान के लिए तीन सर्विस रिजर्वायर की घोषणा की थी। देवनानी के निर्देश पर रीको ने आईटी पार्क और जलदाय विभाग ने सर्विस रिजर्वायर के लिए एडीए से भूमि मांगी।

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
एसपीएल-2, पंचम चरण, रिको औद्योगिक क्षेत्र, किशनगढ (अजमेर)
राप्रनिम/क्षैका किश/पीयूबी-399/2463 Date: 02-12-2024

पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना

विषयः- श्री राकेश चौधरी पुत्र श्री रामजीवन चौधरी, खसरा संख्या 2777, प्लॉट संख्या 136, निकट ग्राम भवंरिया तहसील रायपुर, जिला ब्यावर द्वारा प्रस्तावित मैसनरी स्टोन खनिज क्लस्टर खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई ।

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसनरी स्टोन खनन क्लस्टर में कुल 38 खनन पट्टे है जिनका कुल क्षेत्रफल 38.00 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता- 54,17,614 टीपीए (आर.ओ.एम.) आवेदक श्री राकेश चौधरी पुत्र श्री रामजीवन चौधरी द्वारा प्रस्तावित मैसनरी स्टोन खनन परियोजना है जिसका खनन क्षेत्र 1.00 हैक्टेयर है तथा प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 1,01,340 टीपीए (आर.ओ.एम.) जो कि खसरा संख्या 2777, प्लॉट संख्या 136, निकट ग्राम भवंरिया तहसील रायपुर, जिला ब्यावर में स्थित है से संबंधित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।
2. और चूंकी श्री राकेश चौधरी पुत्र श्री रामजीवन चौधरी ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 ओर एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के अनुसार में लोक सुनवाई हेतु आवश्यक है।
3. उक्त परियोजना से सम्बन्धित संक्षिप्त अभिलेख (कार्यकारी सारांश) एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है:-
1. जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, ब्यावर 2. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर 3. सदस्य सचिव, राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति, राजस्थान, 04, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर 4. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला- अजमेर 5. तहसील कार्यालय- रायपुर, जिला-ब्यावर 6. ग्राम पंचायत पाटन, पंचायत समिति रायपुर, तहसील रायपुर, जिला ब्यावर ।

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, ब्यावर के पत्र क्रमांक कब्या/एफ. 8(14)/सामान्य/2024/2047 दिनांक 27.11.2024 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 07/01/2025 को प्रातः 11:00 बजे, स्थान- ग्राम पंचायत पाटन, पंचायत समिति रायपुर, तहसील रायपुर, जिला ब्यावर में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप/सुझाव प्रस्तुत कर सकते है । इस संबंध में लिखित आक्षेप/सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, किशनगढ़, जिला- अजमेर में दिये जा सकते है (निधि खण्डेलवाल) वरिष्ठ पर्यावरणीय अभियंता एवं क्षैत्रीय अधिकारी

निजी स्कूल संचालक खुलेआम उड़ा रहे नियमों की धज्जियां

भीलवाड़ा, (कासं)। पड़ोसी जिले शाहपुरा के कोटडी उपखंड क्षेत्र में प्राइवेट स्कूल बस ,वैन और ऑटो खुलेआम आरटीओ नियमों की धज्जियां उडा रहे हैं। बस वैन और ऑटो मालिक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसका सीधा असर बच्चों की सुरक्षा पर पड रहा है। मंगलवार को सेंड पॉल स्कूल साखडा के बच्चों कि स्कूल बस पूरी तरह से टूट रही है। स्कूल बस की पर्स सीट के पास तीन फीट टूटी हुई है। बस कि अधिकतर सीट टूटी हुई है लेकिन स्कूल संचालक इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। स्कूल संचालक धड़ल्ले से स्कूल वैन और ऑटो में क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को ले जाते नजर आए।

ऐसी ही कुछ ऐसी ही तस्वीरें कैमरे में कैद की जो प्रशासन की नींद उडाने के लिए पर्याप्त हैं। स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों की जान खतरे में है। हादसे के बाद प्रशासन जागेगा। स्कूल बस पडताल करने पर खुलासा हुआ कि कोई भी ड्राइवर नियमों का पालन नहीं कर रहा है।मीडिया टीम ने कोटडी उपखंड क्षेत्र के ज्यादातर स्कूल वैन और ऑटो की पडताल में पता चला कि अधिकांश वैन और ऑटो में प्राथमिक उपचार किट तक नहीं है। इसके अलावा उनमें क्षमता

स्कूल बस की पर्स सीट के पास तीन फीट टूटी हुई।

से अधिक बच्चों को ले जाया जा रहा था। किसी भी स्कूल वैन और ऑटो में फायर सेफ्टी उपकरण नजर नहीं आए। वैन की खिडकियों पर जाली लगाने का आदेश है, लेकिन किसी भी वैन में जाली दिखाई नहीं दी। बच्चे लटकते हुए दिखे। वैन और ऑटो पर स्कूल और ड्राइवर का नाम और नंबर भी नहीं लिखा था।

नियमानुसार स्कूल वैन और ऑटो की गति 20 किमी प्रति घंटे से अधिक नहीं होनी चाहिए। अमूमन सभी वाहन की इससे ज्यादा गति थी। ड्राइवर बिना वर्दी के नजर आ रहे थे। ड्राइवर सीट पर भी बच्चे बैठे थे। नियम है कि वैन और ऑटो के बाहर बैग लटकते नहीं होने चाहिए, लेकिन वैन और ऑटो में क्षमता से अधिक बच्चे बैठे नजर आए। इस कारण बच्चों के बैग भी वाहन के बाहर लटके हुए थे। अमूमन किसी हादसे के बाद ही पूरा तंत्र सक्रिय होता है। जबकि शहर में न जाने कितने वाहन ऐसे हैं जो अवैध तरीकों से दौड़ रहे हैं। इनके संचालन में पुलिस और परिवहन विभाग की संलिप्तता को भी नकारा नहीं जा सकता। स्कूल वैन, ऑटो, बस या ऐसे निजी वाहनों में बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड किया जाता है। क्षमता से ज्यादा बिठाया जाता है। हादसे के बाद ही जागते हैं। पूरा सिस्टम फिर अपनी खाल बचाने में जुट जाता है।

'चांद उत्सव' मनाया

अजमेर, (कासं)। झूलेलाल मन्दिर वैशाली नगर अजमेर में श्री झूलेलाल सेवा मंडली द्वारा चांद उत्सव' मनाया गया। मन्दिर के अध्यक्ष प्रकाश जेठरा ने बताया कि झूलेलाल की पवित्र महाजोत कुणाल हरचंदानी परिवार द्वारा जगाई गई। मशहूर गायक चंद्र रुपानी एंड पार्टी द्वारा भजनों एवं पंजड़ों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें 'रख त मुहिंजे लाल ते पाड़ई पूरी कंदो' 'अज त असांजा भाग भला थिया लाल उड़ेरो आयो आ' एवं 'मुहिंजो झूलन त पीरन जो पीर आ जहनजी संगत त खंड ऐं खीर आ' आदि श्री झूलेलाल जी के पंजडे गाए गए।

अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया

अजमेर, (कासं)। अजमेर चाचियावास में राजस्थान महिला कल्याण मण्डल एवं जन विकास समिति वाराणसी के संयुक्त तत्वाधान में मीनू स्कूल एवं सागर कॉलेज में जिला कलेक्टर लोकबन्धु की मौजूदगी में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन किया गया। जिलाकलेक्टर लोकबन्धु ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति में कोई ना कोई विशेषता और योग्यता जरूर होती है। इसी प्रकार प्रत्येक दिव्यांग में भी विशेष योग्यता और क्षमता होती है। अपनी विशेष योग्यता को पहचानकर हर दिव्यांग आगे बढ़ सकता है और देश के विकास में योगदान दे सकता है। जिला कलेक्टर द्वारा कार्यक्रम में शिरकत करते हुये संस्था परिसर में पौधारोपण भी किया। संस्था निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने बताया कि संस्था परिसर में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस कार्यक्रम में शिरकत कर जिला कलेक्टर लोकबन्धु ने दिव्यांग बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

कार्यालय विकास अधिकारी, पंचायत समिति मसूदा (अजमेर)

क्रमांक- पसम/निविदा/2024/5567 दिनांक- 2-12-2024

सिमित निविदा सूचना

निम्नांकित संकमो के सम्पादन हेतु पंचायत समिति मसूदा की निम्नांकित रजिस्टर्ड फर्मो से कार्यो के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत रू. (लाखों में)	धरोहर राशि रू.	फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि	निविदा खोलने की दिनांक समय
1	2	3	4	5	6
1	विधायक जनसुनवाई केन्द्र (हाट बाजार) की मरम्मत एवं रंग रोशन	3.00	6000	10.12.2024 को प्रातः 12 बजे तक	10.12.2024 को प्रातः 4.00 बजे

NIB No-ZAJ2024-25- WSOB 00883

नोट-

1. पंचायत समिति में निविदा फार्म शुल्क राशि 500/- जमा करा निविदा फार्म व्यक्तिशः रूप से उपस्थित होकर दिनांक 9.12.2024 को सायः 5.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।

(मीनू कंवर) प्रधान पंचायत समिति मसूदा (अजमेर)

(संदेश पाराशर RRDS) विकास अधिकारी पंचायत समिति मसूदा (अजमेर)